**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 861**

**07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

# यू-विन पोर्टल

**861. श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल:**

**श्री मितेश पटेल (बकाभाई):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रमों के तहत गर्भवती महिलाओं और बच्चों हेतु टीकाकरण सेवाओं के पूर्ण डिजिटलीकरण के लिए विकसित की गई यू-विन पोर्टल की मुख्य विशेषताएं कौन-कौन सी हैं; और

(ख) नागरिकों के लिए टीकाकरण तक आसान पहुंच बनाने और देश भर में जागरूकता पैदा करने में उपर्युक्त ऐप की क्या भूमिका है?

<u>उत्तर</u>

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): यू-विन गर्भवती महिलाओं और बच्चों (जन्म से 16 वर्ष तक) को सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत प्रदान की जाने वाली सभी टीकाकरण सेवाओं के डिजिटलीकरण के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में 'किसी भी समय पहुंच' और 'कहीं भी' टीकाकरण सेवाएं, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) और बाल एबीएचए का सृजन, स्व-पंजीकरण मॉड्यूल, स्वचालित एसएमएस अलर्ट, क्यूआर-आधारित ई-टीकाकरण प्रमाणपत्र और टीका लगाने वालों द्वारा डेटा प्रविष्टि के लिए ऑफ़लाइन मोड शामिल हैं।

(ख): यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नागरिकों के लिए उपयोग और पहुंच में सुगमता के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन है। यू-विन वेबसाइट नागरिकों को अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू), जो 11 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध हैं, के माध्यम से यू-विन की प्रमुख विशेषताओं और उपयोग जैसे पंजीकरण, अपॉइंटमेंट बुकिंग और राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में मार्गदर्शन करती है।

******